भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2334**

**दिनांक 07.08.2026 को उत्तर के लिए नियत**

**भारी उद्योग मंत्रालय के तहत सीपीएसई के शेयर अंतरण**

**2334 डा. वी. शिवादासन:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उन उपक्रमों (सीपीएसई) के नाम क्या हैं जिन्होंने विगत पांच वर्षों के दौरान अपने शेयरों का अंतरण किया है;

(ख) ऐसे प्रत्येक सीपीएसई के शेयर खरीदने वाली निजी संस्थाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) ऐसे प्रत्येक शेयर अंतरण की मात्रा तथा अंतरण का वर्ष क्या है; और

(घ) किन-किन सीपीएसई का अधिग्रहण राज्य सरकारों द्वारा किया गया अथवा जिनके शेयर राज्य सरकारों ने खरीदे, तथा ऐसे अंतरण का वर्ष क्या है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

**(क) से (ग):** वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत सरकार ने ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के माध्यम से भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) की कुल चुकता इक्विटी शेयर पूंजी का 5 प्रतिशत, अर्थात् 17,42,09,815 इक्विटी शेयरों का विनिवेश किया। यह प्रक्रिया भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा निर्धारित विनियामक ढांचे के अनुरूप स्टॉक एक्सचेंजों के माध्यम से संपन्न की गई।

**(घ):** वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने अपनी सहायक कंपनी "बीएचईएल-इलेक्ट्रिकल मशीन्स लिमिटेड (बीएचईएल-ईएमएल)" में अपनी संपूर्ण हिस्सेदारी (51 प्रतिशत) 1 रुपए के प्रतिफल पर केरल सरकार को हस्तांतरित कर दी।

******